# सराहनीय कार्य दिनाँक 08-10-2025 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद ।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस व एसओजी टीम द्वारा शातिर वाहन चोर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त अनूप पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार ।

- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर , 01 जिन्दा कारतूस, 01 खोखा कारतूस एवं 01 चोरी की ईको कार बरामद ।**
- **अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में डेढ़ दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत..**
- **अभियुक्त अनूप थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 08-10-2025 को थाना उत्तर पुलिस व एसओजी टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि बेंदी की पुलिया के पास 02 संदिग्ध व्यक्ति कार से किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़े है।

सूचना पर तत्काल थाना उत्तर पुलिस व एसओजी टीम द्वारा बेंदी की पुलिया पर दबिश दी गयी । दबिश के दौरान पुलिस टीम को 02 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिये । जिनमें से 01 व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम को देखते ही जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर करने लगा। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गयी जिससे वह घायल हो गया। तथा एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया जिसकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। घायल व्यक्ति की पहचान अभियुक्त अनूप पुत्र विद्याराम निवासी कंजाहार थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर व 01 चोरी की ईको कार बरामद हुए हैं। अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-** घायल अभियुक्त अनूप द्वारा पूछताछ में बताया कि दिनांक 25-08-2025 को पिंक टॉयलेट जलेसर रोड थाना उत्तर से चोरी हुई स्विफ्ट जिसके सम्बन्ध में थाना उत्तर पर मु0अ0सं0 506/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त द्वारा कार को चोरी करना स्वीकार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से स्विफ्ट कार को बेचकर प्राप्त किए रुपये में से 07 हजार रुपये बरामद किए गए है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1. अनूप पुत्र विद्याराम निवासी कंजाहार थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी का विवरण –**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।
4. 01 चोरी की ईको कार।
5. 07 हजार रुपये।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त**

1.मु0अ0सं0 227/2023 धारा 411 भादवि थाना बरला जनपद अलीगढ़।
2.मु0अ0सं0 747/2020 धारा 420,467,468,471,34 भादवि थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़।
3.मु0अ0सं0 55/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना बरला जनपद अलीगढ़।
4.मु0अ0सं0 238/2020 धारा 411,420 भादवि थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी।
5.मु0अ0सं0 287/2020 धारा 379,420,467,468,471,411,34 भादवि थाना सिविल लाइन।
6. मु0अ0सं0 625/2015 धारा 307,323,504,506 भादवि व 3/2 एससी/एसटी एक्ट थाना करहल जनपद मैनपुरी।
7. मु0अ0सं0 742/2020 धारा 34,411,413,420,467,468 भादवि थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़।
8. मु0अ0सं0 443/2020 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़।
9. मु0अ0सं0 123/2015 धारा 34,411,413, 420,467,468 भादवि थाना लालापुर जनपद प्रयागराज।
10. मु0अ0सं0 42/2018 धारा 34,411,413, 420,467,468 भादवि थाना झूसी जनपद प्रयागराज।
11. मु0अ0सं0 562/2024 धारा 34,411,413, 420,467,468 भादवि थाना कोतवाली बरेली जनपद बरेली
12. मु0अ0सं0 626/2015 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी।
13.मु0अ0सं0 221/2017 धारा 147,506 भादवि थाना घिरोर जनपद मैनपुरी।
14.मु0अ0सं0 230/2020 धारा 411,420 भादवि थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी।
15.मु0अ0सं0 65/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी।
16.मु0अ0सं0 377/2020 धारा 420,467,468 भादवि दन्नाहार जनपद मैनपुरी।
17.मु0अ0सं0 13/2024 धारा 411,414 भादवि दन्नाहार जनपद मैनपुरी।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. संजुल कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2. प्रेमशंकर पाण्डेय प्रभारी एसओजी मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 विधानचन्द्र थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 विजय गोस्वामी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 अरुण कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0कां0 अशोक कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
7. हे0का0 शिवकुमार गौतम थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
8. हे0का0 राकेश कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
9. हे0का0 कुलभूषण गौतम थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
10. कां0 प्रेम सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
11. कां0 286 अजीत सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।